पानी निकासी के अभाव में सीसी सड़कें बनीं मुसीबत

खास बातें

- वाहन चालक परेशान, हल्की बारिश में सड़कों पर भर जाता है पानी
- फिसलन और दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

नवभारत न्यूज

पठारी 23 जून, नगर सहित अधिकांश मुख्य मार्गों और सीसी सड़कों पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. विशेष रूप से पठारी-खुरई मार्ग पर सीसी सड़क के किनारे जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से थोड़ी सी बारिश में सड़क पर नाले जैसी स्थिति बन जाती है.

मुख्य मार्ग पर पानी भर जाने से दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाई होती है. खुरई रोड स्थित शोरूम के पास सड़क पर जमा पानी और फिसलन के कारण कई दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो चुके हैं तथा दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है.वहीं फॉर्म चौराहे पर सड़क में बने गड्ढों में हमेशा पानी भरा रहने से दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जलभराव के कारण सड़क की स्थिति और अधिक खराब होती जा रही है.नगरवासियों ने शासन-प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सीसी सड़क के किनारे नालियों का निर्माण कर पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं से लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके.

33 केवी लाइन बंद होने का जुमला कब तक?

नवभारत न्यूज

गुलाबगंज 23 जून, बारिश का मौसम अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं. उपभोक्ताओं का कहना है कि 15 से 20 मिनट की सामान्य बारिश या हल्की हवा चलते ही गुलाबगंज विद्युत सब स्टेशन के व्हाट्सएप ग्रुप में संदेश आ जाता है कि विदिशा से 33 केवी लाइन बंद है. इसके बाद उपभोक्ता असहाय होकर घंटों बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं.

हल्की बारिश में घंटों गुल रहती है बिजली, उपभोक्ता परेशान

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पहले मानसून से पहले विद्युत विभाग द्वारा व्यापक मेंटेनेंस कार्य किया जाता था, जिससे बारिश के दौरान ऐसी समस्याएं कम आती थीं. लेकिन अब स्थिति यह है कि मामूली हवा-पानी में भी बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है.उपभोक्ताओं के अनुसार हवा-पानी के कारण लाइन बंद है या 33 केवी लाइन विदिशा से बंद है जैसे संदेश रोजमर्रा की बात बन गए हैं. कई बार चार से पांच घंटे तक बिजली गुल रहने से घरेलू कार्य, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है.क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि मानसून के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य किए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके.

प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

विदिशा, कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा में आत्मा परियोजना अंतर्गत प्राकृतिक एवं जैविक खेती विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बासौदा अध्यक्ष श्रीमती नीतू रघुवंशी रहीं. विशिष्ट अतिथियों में जिला जनपद सदस्य श्रीमती गायत्री रघुवंशी, गौरव परमार, पंकज नायक एवं श्रीमती अंजली यादव उपस्थित रहीं.कार्यशाला में कृषि विभाग के उप संचालक सचिन जैन, कृषि वैज्ञानिकों एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया. कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद गर्ग, डॉ. प्रवीण जगा एवं डॉ. प्रीति चौहान ने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, पर्यावरण संरक्षण होता है तथा मानव और पशुओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है.मुख्य अतिथि नीतू रघुवंशी ने किसानों से अपने परिवार के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की. वहीं गायत्री रघुवंशी एवं अंजली यादव ने किसानों को शासकीय योजनाओं, उद्यानिकी एवं पशुपालन को भी अपनाने की सलाह दी. कार्यक्रम के अंत में किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया.

संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने पर कराया गया कथा, हवन एवं महाभंडारा

नवभारत न्यूज

पठारी, धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र बालाजी धाम बड़ोह में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया.यह आयोजन बालाजी धाम के सेवक एवं भोपाल निवासी ज्योति पटेल द्वारा संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कराया गया. इस अवसर पर कथा, हवन-पूजन, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया.बालाजी धाम बड़ोह के महंत विष्णु दास ने बताया कि बालाजी सरकार की कृपा एवं आशीर्वाद से ज्योति पटेल के यहां संतान प्राप्ति हुई है.इसी खुशी में उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विशाल भंडारे का आयोजन कराया.कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया.महंत श्री विष्णु दास जी महाराज ने कहा कि बालाजी धाम में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं.

भव्य कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

- 24 जून को होगी प्राण-प्रतिष्ठा एवं महाभंडारा
- हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. बरेठ रोड स्थित कालाबाग के नव निर्मित शिवालय में आयोजित श्री नर्मदेश्वर महादेव शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. कार्यक्रम के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा.

प्रात:काल आचार्यों के सान्निध्य में गणेश पूजन, देव आवाहन, मंडप प्रवेश एवं अन्य वैदिक अनुष्ठानों के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई. इसके बाद महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली. यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा.आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव के दौरान प्रतिदिन रुद्राभिषेक, यज्ञ, हवन, पूजन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा. 24 जून को प्राण-प्रतिष्ठा, महापूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा.आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी एवं स्थानीय श्रद्धालु सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं. इस अवसर पर हरजीत सिंह जोसन (पप्पू सरदार), अवदेश तिवारी, निरंजन सिंह रघुवंशी, टी.एल. शुक्ला, रामकरण सिंह रघुवंशी, सुरेंद्र सिंह यादव, रामकृष्ण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

कांग्रेस नेता सुनील राय के जन्मदिवस पर सुंदरकांड में शामिल हुए जयवर्धन सिंह

नवभारत न्यूज

कुरवाई. राघोगढ़ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह ने बीना जाते समय अल्प प्रवास पर कुरवाई पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील राय को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर उनके निवास पर आयोजित सुंदरकांड पाठ के शुभारंभ कार्यक्रम में भी उन्होंने सहभागिता की.

सुनील राय के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में जयवर्धन सिंह ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया. उन्होंने सुनील राय के दीर्घायु एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के चलते समयाभाव के कारण वे सुंदरकांड पाठ में अधिक देर नहीं रुक सके और बीना के लिए रवाना हो गए.कुरवाई आगमन पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयवर्धन सिंह का फूल-मालाओं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सुनील राय को भी जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं.कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए जयवर्धन सिंह ने कहा कि जीवन के विशेष अवसरों की शुरुआत प्रभु भक्ति से करना भारतीय संस्कृति की पहचान है. उन्होंने संगठन की एकजुटता की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं से सकारात्मक राजनीति और जनसेवा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया.कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

- विधायक ने बताया राष्ट्रवादी विचारों का प्रेरणास्रोत, मार्ग और चौराहे के नामकरण की घोषणा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को त्योंदा रोड स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे.

इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद एवं राष्ट्र चिंतक थे. उन्होंने देशहित के मुद्दों पर अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और राष्ट्रीय एकता के लिए संघर्ष किया. विधायक ने उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया.

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने भी डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष शशि यादव ने त्योंदा रोड स्थित सपना पंप के पास वाले मार्ग का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग तथा चौराहे का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहारखने की घोषणा की.कार्यक्रम में राजेश तिवारी, जगदीश गुप्ता, देवेंद्र यादव, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, जितेंद्र मीणा, महेंद्र लोधी, पिंकू महाराज, रूपेंद्र शर्मा, सन्नी भावसार, राकेश खटीक, रामकरण अहिरवार, संदीप रघुवंशी, सरिता जैन, आरती श्रीवास्तव, राजू रैकवार, प्रवीण सिंह जादौन सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

नेत्र शिविर में पहुंचे 149 मरीज, 40 मरीजों में मिला मोतियाबिंद

नवभारत न्यूज

पठारी. नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय एवं संत सुधा सागर सेवा समिति, पठारी के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया. शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें 149 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई.

जांच के दौरान 40 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई. इनमें से 20 मरीजों को सेवा सदन की एंबुलेंस के माध्यम से संत हिरदाराम नगर ले जाया जाएगा, जहां उनका निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा. वहीं 70 मरीजों को चश्मा लगाने की सलाह देने के साथ आवश्यक दवाइयां भी

प्रदान की गईं.शिविर में सेवा सदन से आए डॉ. हितेश निचलानी एवं गंजबासौदा विजन सेंटर के डॉ. हरिप्रसाद द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई.इस अवसर पर विदिशा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रविंद्र रघुवंशी, कम्युनिटी हेल्थ वर्कर दीपक कुशवाहा सहित संत सुधा सागर सेवा समिति के सदस्य अतुल कुमार कठरिया, आशीष सहेले, हितेश कुमार जैन, अनिल कुमार जैन, सुनील कुमार जैन एवं राजकुमार जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को नेत्र परीक्षण, परामर्श एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे लोगों को काफी लाभ मिला.

फुटेरा वाले बाबा साहब के स्थान से हुई मोहर्रम की शुरुआत

- 70 वर्ष पुराने स्थान पर उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था, मुरादें पूरी होने की मान्यता

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. मोहर्रम पर्व की शुरुआत के साथ नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित नौलखी मंदिर वाली गली में फुटेरा वाले बाबा साहब के 70 वर्ष पुराने स्थान पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है.

परंपरा के अनुसार मोहर्रम की विशेष तिथि पर श्रद्धालुओं ने लोभान, फूल-मालाएं, इत्र, प्रसाद एवं चादर पेश कर इजाजत ली.राजपूत परिवार द्वारा वर्षों से इस स्थान पर मोहर्रम के अवसर पर धार्मिक आयोजन किए जाते हैं.श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां आने वाले भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं तथा दुख-दर्द और समस्याओं का समाधान मिलता है.स्थान पर फुटेरा वाले बाबा साहब सहित कई संतों की कृपा होने की मान्यता है.मोहर्रम की 6 से 10 तारीख तक नगर में विभिन्न स्थानों से सबारियां निकलेंगी और घर-घर जाकर आस्था का संदेश देंगी. मोहर्रम को लेकर बाबा साहब के दरबार को फूलों से भव्य रूप से सजाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.

मध्यान्ह भोजन में नवाचार दिखाने वाले रसोइयों का सम्मान

- कुकिंग प्रतियोगिता में स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों ने जीता सभी का दिल, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिले पुरस्कार

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. जनपद पंचायत बासौदा के निर्देशन में जनपद शिक्षा केंद्र बासौदा अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले स्व-सहायता समूहों के रसोइयों की कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में उपयोग होने वाली सामग्री से बच्चों के लिए स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं रुचिकर भोजन तैयार करने के नवाचारों को प्रोत्साहित करना था.

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू रघुवंशी, एसडीएम श्रीमती अनुभा जैन एवं जनपद सीईओ तपस्या जैन की उपस्थिति में क्षेत्र की शासकीय शालाओं के रसोइयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए गए, जिनका अतिथियों ने अवलोकन करने के साथ स्वाद भी लिया. सभी व्यंजनों में गुणवत्ता एवं नवाचार देखने को मिला.प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के मां नर्मदा स्व-सहायता समूह को प्रदान किया गया. समूह को 5 हजार रुपये की राशि एवं प्रमाण पत्र दिया गया. समूह अध्यक्ष गंगा सेन एवं रसोइया ओमबती लोधी ने पुरस्कार प्राप्त किया. द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र माध्यमिक शाला डिडोली तथा कन्या उमावि बासौदा को प्रदान किया गया. तृतीय पुरस्कार में 2 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र शासकीय माध्यमिक शाला चौरावर, प्राथमिक शाला बूढ़ापुरा एवं सीएम राइज स्कूल को दिए गए. वहीं सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1-1 हजार रुपये की राशि एमएस गंज, हाईस्कूल गांधी चौक एवं हाईस्कूल गमाकर को प्रदान की गई.बीआरसी ब्रजेंद्र रघुवंशी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने बच्चों को पौष्टिक एवं उनकी रुचि के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया. उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कालापठार विद्यालय के रसोइयों द्वारा भोजन में सहजन के नवाचारी उपयोग की विशेष सराहना की. जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, एसडीएम अनुभा जैन एवं जनपद सीईओ तपस्या जैन ने भी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का आह्वान किया.कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में बीएसी राजीव शर्मा, सीएसी अभिषेक माथुर, कृपा राम सेन, संजय विश्वकर्मा, निर्भय सिंह रघुवंशी, श्रुति जैन एवं राजू रघुवंशी का विशेष सहयोग रहा.

कुरवाई में दिव्यांग शिविर का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

कुरवाई. जनपद पंचायत कुरवाई एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आजीविका मिशन के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए एक भव्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय जनपद सदस्य विनय सिंह लोधी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर विनय सिंह लोधी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है.शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे, जहां उनके मेडिकल प्रमाण-पत्र बनाए गए तथा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया.साथ ही दिव्यांग पेंशन, शिक्षा, कौशल विकास एवं स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई.कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र एवं सहायक सामग्री वितरित की गई.शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलसिंह बागड़ी, जिला स्तरीय चिकित्सक, जनपद पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे. शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया.

सम्मान | **कराओके म्यूजिकल ग्रुप ने संगीतकारों का किया सम्मान, नव पदाधिकारियों को दिलाई शपथ**

विश्व संगीत दिवस पर सजी सुरों की महफिल

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. विश्व संगीत दिवस के अवसर पर कराओके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भव्य संगीत संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नगर के संगीतकारों, गायकों और संगीत प्रेमियों का सम्मान किया गया तथा नव मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई.

करीब 10 वर्ष पूर्व स्थापित कराओके म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक राजेश नेमा ने बताया कि ग्रुप लगातार नगर के गायकों और संगीतकारों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य कर रहा है. विश्व संगीत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ संगीतकारों को शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं ग्रुप के संरक्षक डॉ. विमलचंद ओसवाल रहे. विशिष्ट अतिथियों में रोहित भावसार, राजेश तिवारी, नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, समाजसेवी हरि अग्रवाल, महेंद्र ठाकुर, बाबू भाई पिंगले एवं पर्यावरण प्रेमी रुपेश लाड उपस्थित रहे.इस अवसर पर ग्रुप के नव पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई. श्रीमती रोहिणी ऋषि बक्शी को अध्यक्ष, संजीव साध्य को उपाध्यक्ष, सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव को सचिव, सुनील दत्त को सहसचिव तथा राकेश शर्मा को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई.समारोह में वरिष्ठ संगीत गुरु भगवत दत्त जिज्ञासु, महेंद्र सिंह राजपूत, पंडित लीलाधर शर्मा एवं बांसुरी वादक सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव का विशेष सम्मान किया गया. वक्ताओं ने कहा कि इन संगीत गुरुओं के मार्गदर्शन से नगर की संगीत परंपरा लगातार समृद्ध हो रही है.संगीत संध्या में महेंद्र राजपूत, लीलाधर शर्मा, बसंत राठौर, मोहित यादव, राकेश शर्मा, आशीष जैन, सोनू समैया, विपिन तिवारी, संजीव साध्य, सुनील दत्त, अमित श्रीवास्तव एवं त्रिशाल (बंटू) पटेल सहित कई कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं. वहीं महिला गायिकाओं में रोहिणी बक्शी, हर्षिता ताम्रकार, रचना श्रीवास्तव एवं गोल्डी जैन ने अपने मधुर गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया.देर रात तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे. सुरों और ताल की मधुर संगति ने विश्व संगीत दिवस के आयोजन को यादगार बना दिया.

एडीआईपी योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए परीक्षण शिविर आयोजित

- 46 हितग्राहियों का हुआ पंजीयन, 85 सहायक उपकरण प्रदान किए जाने का प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

ग्यारसपुर. आजीविका मिशन भवन ग्यारसपुर में मंगलवार को भारत सरकार की एडीआईपी योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का संचालन एएलआईएमको उज्जैन की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया.

शिविर में क्षेत्र के 46 दिव्यांगजनों ने पहुंचकर पंजीयन कराया और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए परीक्षण कराया. एएलआईएमको के विशेषज्ञों ने हितग्राहियों की शारीरिक स्थिति एवं जरूरतों का आकलन कर कुल 85 सहायक उपकरण प्रदान किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया.प्रस्तावित उपकरणों में व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक सहायक सामग्री शामिल है. परीक्षण प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक दिव्यांगजन की जरूरत के अनुसार उपकरणों का चयन किया गया, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में अधिक सुविधा मिल सके.शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके जीवन को अधिक सुगम और सशक्त करना है. शिविर के सफल आयोजन से लाभार्थियों में उत्साह देखने को मिला. उपस्थित दिव्यांगजनों ने भारत सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए इसे उनके लिए अत्यंत लाभकारी बताया.अधिकारियों ने जानकारी दी कि परीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद स्वीकृत सहायक उपकरणों का वितरण आगामी चरण में किया जाएगा, जिससे पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ मिल सकेगा.